## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–03.05.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य सरकार अधिवक्ताओं के लिए आज से शुरु करेगी स्वास्थ्य सुरक्षा बीमा योजना, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे शुभारंभ।
2. राज्य में नक्सलियों के खिलाफ तेज हुआ अभियान, पश्चिमी सिंहभूम में सुरक्षा बलों ने नक्सली डंप को किया ध्वस्त, भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्रियां बरामद।
3. मुम्बई में आयोजित वेव्स सम्मेलन में राज्य की प्रतिभाओं को मिला सम्मान, पलामू के लेखक रोहित शुक्ला और आर्टिस्ट शिवांगी शैली को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार।
4. मौसम विभाग ने राज्य में छह मई तक आंधी, बारिश, ओलावृष्टि और वज्रपात का जताया पूर्वानुमान, रांची समेत 20 जिलों के लिए आज औरेंज अलर्ट।
5. ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप आज से रांची में, 120 स्वर्ण पदकों के लिए देशभर के कराटेकारों के बीच होगी प्रतिस्पर्धा।

*******************

राज्य सरकार निबंधित अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य बीमा योजना की सौगात देने जा रही है। रांची के खेलगांव परिसर में आयोजित कार्यक्रम में आज मुख्यमंत्री अधिवक्ताओं के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ करेंगे और झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति के अंतर्गत निबंधित अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ देंगे। इस दौरान श्री सोरेन अधिवक्ताओं को संबोधित भी करेंगे।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हाल ही में संपन्न अपनी विदेश यात्रा के अनुभव अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ साझा किये। बाद में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि मुख्यमंत्री की विदेश यात्रा का उद्देश्य राज्य में निवेश लाना था। उन्होंने दावा किया कि आने वाले कुछ महीनों में मुख्यमंत्री के इस प्रयास का असर राज्य में दिखायी पड़ेगा।

*******************

केंद्रीय मंत्री और कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा जातीय जनगणना को मंजूरी दिया जाना सामाजिक न्याय की दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय है। उन्होंने कहा है कि इस महत्वपूर्ण पहल के माध्यम से दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्गों सहित समाज के वंचित तबकों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति का वास्तविक और व्यापक आंकलन संभव होगा।

*******************

इधर, राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जातीय जनगणना के साथ सरना कोड का भी कॉलम होना चाहिए।

*******************

केन्द्र सरकार ने 2026 तक झारखंड समेत पूरे देश को नक्सलवाद से मुक्त करने का संकल्प व्यक्त किया है। इसके मद्देनजर राज्य में नक्सल विरोधी अभियान तेज कर दिया गया है। इस कड़ी में सुरक्षा बलों ने पश्चिमी सिंहभूम के टोंटो थाना क्षेत्र के गौबुरु और बामेबासा के पास जंगल में नक्सलियों के एक पुराने डंप को ध्वस्त कर दिया है। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि डंप से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्रियां बरामद की गयी हैं।

*******************

मुंबई में आयोजित पहले वेव्स सम्मेलन में झारखंड की प्रतिभाओं को सम्मान मिला है। पलामू के लेखक रोहित दयाल शुक्ला और आर्टिस्ट शिवांगी शैली को उनकी ऐतिहासिक ग्राफिक नोवेल के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। यह ग्राफिक नोवेल झारखंड की पारंपरिक सोहराई कला में चित्रित की गई थी। पुरस्कार पाने के बाद रोहित शुक्ला ने खुशी जाहिर की।

*******************

सरायकेला–खरसावां जिले में  वन विभाग ने इको विकास समितियों के लिए ओरियंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया। इसके जरिये सेंदरा पर्व के दौरान जंगली जानवरों का शिकार नहीं करने की अपील की गयी। कार्यक्रम के दौरान डीएफओ सबा आलम अंसारी ने जंगली जानवरों के महत्व से लोगों को अवगत कराया।

*******************

धनबाद जिले में स्कूली बच्चों की फिटनेस को लेकर जिला प्रशासन ने सख्ती शुरु कर दी है। इसे लेकर जागरुकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

*******************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- रेलवे बोर्ड ने चक्रधरपुर रेल मंडल में दो नई मेमू ट्रेनों के परिचालन को मंजूरी दी है। एक ट्रेन चाईबासा से टाटानगर के बीच जबकि दूसरी ट्रेन टाटानगर से चाकुलिया के बीच चलेगी।
- दुमका जिले के गोपीकांदर प्रखंड के विभिन्न स्कूलों के 17 सहायक शिक्षकों की सेवा समाप्त कर दी गई है। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुरेंद्र हेंब्रम ने बताया कि इन सभी शिक्षकों के प्रमाणपत्र वैसे संस्थानों के हैं, जिन्हें झारखंड शिक्षा विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं हैं।

*******************

मौसम विभाग ने राज्य में छह मई तक आंधी, बारिश, ओलावृष्टि और वज्रपात का  पूर्वानुमान व्यक्त किया है। विभाग ने आज भी  रांची समेत 20 जिलों में बारिश और ओलावृष्टि की संभावना व्यक्त की है। इसे लेकर औरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने कहा है कि इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा भी चल सकती है।

*******************

सिकोकई ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप आज से रांची में शुरु हो रही है। देशभर के कराटेकार प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रांची पहुंच चुके हैं। खेलगांव में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में 120 स्वर्ण पदक दांव पर होंगे, जिसके लिए खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा होगी।

*******************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य में आज से अधिवक्ताओं के लिए शुरु हो रही स्वास्थ्य सुरक्षा बीमा योजना की खबर को प्रमुखता से जगह दी है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है–स्मार्ट सिटी में प्लॉट का म्यूटेशन नहीं, 4000 फ्लैट का काम अटका।

हिन्दुस्तान लिखता है–आंधी व ठनका से तबाही, 6 की मौत।

दैनिक जागरण के शब्द हैं–ओरमांझी में आभूषण दुकान से 15 लाख रुपये के जेवर व 50 हजार नकदी की लूट।

प्रभात खबर ने लिखा है– मंइयां योजना के 50 लाख लाभुकों के खाते आधार से लिंक, अब इन्हें ही मिलेगी राशि।

**************